हापुड़ पुलिस

प्रेस नोट

सर्विलांस टीम दिनांक 30-10-2024

"हापुड़ पुलिस ने मोबाइल स्वामियों को दी दीपावली पर खुशियों की सौगात"

- जनपदीय सर्विलांस टीम द्वारा अथक प्रयास कर आम जनमानस के गुमशुदा/खोये हुए विभिन्न कम्पनियों के 155 मोबाइल फोन **(अनुमानित कीमत लगभग 42 लाख रुपये)** बरामद कर मोबाइल स्वामियों के सुपुर्द किये गये।
- जनपद हापुड़ में नागरिकों के गुमशुदा/खोये हुए मोबाइल फोन बरामद किये जाने हेतु **श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय** द्वारा क्यूआर कोड के माध्यम से शिकायत दर्ज करने की सुविधा प्रदान की गयी है। प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की कार्यवाही के क्रम में सर्विलांस टीम द्वारा अथक प्रयास कर विभिन्न राज्यों/जनपदों से कुल 155 मोबाईल फोन बरामद कर वास्तविक मोबाइल स्वामियों के सुपुर्द किये गये।
- दीपावली के पर्व पर अपने खोए हुए मोबाइल फोन पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे जिनके द्वारा हापुड़ पुलिस का आभार प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

कार्यवाही:-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक हापुड़ श्री कुवँर ज्ञानन्जय सिंह महोदय के निर्देशन में जनपदीय सर्विलांस टीम द्वारा अथक प्रयास कर आम जनमानस के गुमशुदा/खोये हुए विभिन्न कम्पनियों के 155 मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 42 लाख रुपये) बरामद किये गये है।

आज दिनांक 30.10.2024 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा बरामद मोबाइलों को उनके स्वामियों के सुपुर्द कर दीपावली की शुभकामनाएं दी गई।

बरामदगी का विवरण:-

155 मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 42 लाख रुपये)

बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः-

1. निरीक्षक श्री विनोद कुमार पाण्डेय प्रभारी सर्विलांस सैल जनपद हापुड़।
2. उ0नि0 श्री प्रशान्त कुमार सर्विलांस सैल जनपद हापुड़।
3. है0का0 धर्मेन्द्र सिंह सर्विलांस सैल जनपद हापुड़।
4. है0का0 विदित कुमार सर्विलांस सैल जनपद हापुड़।
5. है0का0 रोहित मलिक सर्विलांस सैल जनपद हापुड़।
6. है0का0 रविन्द्र कुमार सर्विलांस सैल जनपद हापुड़।
7. का0 अंकित शर्मा सर्विलांस सैल जनपद हापुड़।

नोटः- अब घर बैठे करें अपने खोए/चोरी हुए मोबाइल फोन की लिंक/क्यूआर कोड के माध्यम से शिकायत दर्ज कराएं।

लिंक- https://forms.gle/DHR1LqvMo921WMyg8

https://forms.gle/DHR1LqvMo921WMyg8

(क्यूआर कोड)